हिमाचल अभी अभी

ABHI ABHI

/himachal.abhiabhi @himachal_abhi

नई सोच नई खोज

साप्ताहिक

रंगों का त्योहार होली...

-पढ़ें पेज 4

RNI No. HPHIN/2015/68432 वर्ष 10 अंक 45 कांगड़ा। शनिवार, 08 मार्च-14 मार्च, 2025 www.himachalabhiabhi.com तदनुसार 25 फाल्गुन, विक्रमी संवत् 2081 कुल पृष्ठ 4 मूल्य ₹5 Postal Regn.No. DGPUR/26/24-26

हिमाचल कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल की संगठन के पुनर्गठन पर वर्किंग शुरू

पार्टी के नए कार्यालय इंदिरा भवन में संभाला कार्यभार

❖ मई 2018 से 11 सितंबर 2020 तक रह चुकी हैं प्रभारी

❖ बेहतरीन प्रदर्शन के बाद दूसरी मर्तबा मिला हिमाचल

● पंकज शर्मा/नई दिल्ली

रजनी पाटिल मतलब संगठन की नब्ज को समझने वाला नाम। हिमाचल में कांग्रेस मामलों की प्रभारी हैं तो राज्यसभा की सदस्य होने के साथ-साथ चंडीगढ़ का भी पार्टी ने प्रभार दे रखा है। हिमाचल में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद ये दूसरा मौका है जब गांधी फैमिली ने दूसरी मर्तबा हिमाचल की बागडोर संभालने को उस वक्त कहा है, जब स्थितियां अनुकूल नहीं है। रजनी पाटिल ने पहला दौरा मारते ही पार्टी जनों को गियर अप करने के साथ ही संगठित होकर चलने की राह दिखा दी है, साथ ही भंग पड़े संगठन को पुनर्गठित करने का ताना-बाना दिल्ली लौटते ही बुनना शुरू कर दिया है।

रजनी पाटिल ने शिमला से वापसी मारते ही सबसे पहले दिल्ली में पार्टी के नए कार्यालय इंदिरा भवन में कार्यभार संभाला तो इसके साथ ही पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात कर उन्हें हिमाचल के बारे में फीडबैक देने का काम किया। रजनी पाटिल ने इस दौरान इंदिरा भवन में उनसे मिलने पहुंचे पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। पाटिल का एक ही गुरुमंत्र सबके लिए हैं कि 2027 में हिमाचल में रिपीट मारना है, इसके लिए सभी को अभी से जुटना है।

रजनी पाटिल को हिमाचल प्रदेश में राजीव शुक्ला की जगह लगाया गया है। राजीव शुक्ला 12 सितंबर 2020 को हिमाचल कांग्रेस के प्रभारी बनाए गए थे। उनके प्रभारी रहते हुए ही कांग्रेस विधानसभा चुनाव में उतरी और जीत हासिल की। अब राजनीति पाटिल के कंधों पर हिमाचल कांग्रेस का भार है । वे इससे पहले वह मई 2018 से 11 सितंबर 2020 तक हिमाचल प्रभारी रही थी। अब एक बार फिर रजनी पाटिल को पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले जब रजनी पाटिल हिमाचल की प्रभारी हुआ करती थी उस वक्त उन्होंने वीरभद्र सिंह और तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुखविंदर सिंह सुक्खू के बीच समन्वय स्थापित करने में कड़ी मेहनत की थी।

डॉ. राजेश शर्मा बने हॉकी हिमाचल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष

● राहुल/हमीरपुर

हॉकी हिमाचल की वार्षिक आम सभा की बैठक हमीरपुर में हुई, जिसमें तमाम कार्यकारिणी के चुनाव करवाए गए। जिसमें विधायक सुखराम चौधरी को मुख्य संरक्षक बनाया गया, जबकि विधायक रणवीर निक्का को अध्यक्ष चुना गया। श्री बालाजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल एवं नर्सिंग कॉलेज कांगड़ा के सीएमडी डॉ. राजेश शर्मा को फिर से वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया।

इसी तरह रमेश पठानिया को सचिव चुना गया। चुनाव हॉकी इंडिया के आब्जर्वर अनिल वोहरा की देखरेख में हुए। विवेक वर्मा ने चुनाव अधिकारी का दायित्व निभाया। वार्षिक आमसभा की बैठक में इस वर्ष की गतिविधियों पर भी चर्चा हुई। बैठक में हॉकी हिमाचल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस वर्ष की गतिविधियों में क्या कुछ नया हो सकता है, पर अपने सुझाव आमसभा में रखे।

❖ हॉकी इंडिया के आब्जर्वर अनिल वोहरा की देखरेख में हुए चुनाव